ARY EXAMINATION – 2019 (ANNUAL)

**Model Set**

**NLH – HINDI (SIL)**

**द्वितीय भारतीय भाषा – हिन्दी**

**me : 03 Hrs. 15 Minutes** | **Full Marks : 100**

समय : 03 घंटे 15 मिनट | पूर्णांक : 100

*<u>परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–</u>*

***Instructions for the candidates :-***

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. इस प्रश्न–पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
4. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
5. खण्ड–अ में 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
   (प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है, इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR–शीट में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।)
6. खण्ड–ब में कुल 06 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक निर्धारित हैं।
7. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

## खण्ड – 'अ'(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 50 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनके साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR–शीट पर चिह्नित करें।

***बहुवैकल्पिक उत्तरों में से सही उत्तर दें :–***

1. प्रेमचन्द द्वारा रचित कहानी है – 01

   A. ठेस  B. खेमा

   C. चिकित्सा का चक्कर  D. ईदगाह

2. बिहारीलाल हैं – 01

   A. भक्त कवि  B. श्रृंगारिक कवि

   C. ओज के कवि  D. हास्य–कवि

3. प्रश्नवाचक सर्वनाम का उदाहरण है – 01

   A. कोई  B. कुछ

   C. कौन  D. मुझे

4. संबंधवाचक सर्वनाम .................. है। 01

   A. वे  B. किसने

   C. तेरी  D. इनमें से कोई नहीं

5. 'कर्मवीर' पाठ की विधा है – 01

   A. कविता  B. कहानी

   C. रेखाचित्र  D. निबंध

6. मानू दीदी का दूल्हा है – 01

A. अफसर
B. शिक्षक
C. नेता
D. साहूकार

7. कलिंग का युद्ध कितने वर्ष चला ? 01

A. एक वर्ष
B. दो वर्ष
C. तीन वर्ष
D. चार वर्ष

8. कविता नहीं है – 01

A. कबीर के पद
B. पीपल
C. खुशबू रचते हैं हाथ
D. हौसले की उड़ान

9. लेखक के अनुसार ईर्ष्या की बड़ी बेटी का नाम है – 01

A. प्रशंसा
B. खुशी
C. हँसी
D. निंदा

10. खगोल विद्या के क्षेत्र में विश्व प्रसिद्ध हैं – 01

A. वशिष्ठ नारायण सिंह
B. अतिश दीपंकर
C. आर्यभट्ट
D. चार्वाक

11. भाववाचक संज्ञा है – 01

A. रहीम
B. वीरता
C. पटना
D. भीड़

12. भाववाचक संज्ञा नहीं है – 01

A. सुंदरता
B. सुगंध
C. प्रेम
D. राम इकबाल सिंह राकेश

13. 'चिकित्सा का चक्कर' पाठ के लेखक हैं – 01

A. बेढब बनारसी

B. वंशीधर श्रीवास्तव

C. नरोत्तम दास

D. रामवृक्ष बेनीपुरी

14. विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना किसके शासनकाल में हुई ? 01

A. धर्मपाल

B. चन्द्रगुप्त मौर्य

C. कुमार गुप्त

D. इनमें से कोई नहीं

15. बिहारीलाल किस काल के कवि हैं ? 01

A. आदिकाल

B. भक्तिकाल

C. रीतिकाल

D. भारतेन्दु युग

16. नरोत्तमदास द्वारा लिखित कविता है – 01

A. झाँसी की रानी

B. पीपल

C. बच्चे की दुआ

D. सुदामा चरित

17. हामिद के पास कुल कितने पैसे थे ? 01

A. एक

B. दो

C. तीन

D. चार

18. "हामिद, रेवड़ी ले खा, कितनी खुशबूदार है।"– किसने कहा ? 01

A. मोहसिन ने

B. महमूद ने

C. नूरे ने

D. सम्मी ने

19. बालगोबिन भगत हैं – 01

A. व्यापारी

B. नेता

C. शिक्षक

D. गृहस्थ

20. व्यक्तिवाचक संज्ञा नहीं है – 01

A. विवेकानंद
B. नीतीश कुमार
C. सभा
D. संसद

21. संख्यावाचक विशेषण है – 01

A. थोड़ा
B. अधिक
C. चार
D. अच्छा

22. बालगोबिन भगत कबीर को मानते थे – 01

A. भगवान
B. भाई
C. मित्र
D. साहब

23. स्वर्णरेखा नदी के उद्‌गम स्थान से हुंडरू जलप्रपात की दूरी है – 01

A. 27 मील
B. 37 मील
C. 50 मील
D. 60 मील

24. बालगोबिन भगत के गांव से नदी कितनी दूर है ? 01

A. एक मील
B. दो मील
C. तीन मील
D. चार मील

25. आठ भेद हैं – 01

A. कारक के
B. संज्ञा के
C. सर्वनाम के
D. संधि के

26. 'के लिए' चिह्न प्रयुक्त होता है – 01

A. कर्म कारक में
B. अधिकरण कारक में
C. सम्प्रदान कारक में
D. संबंध कारक में

27. हुंडरू का जलप्रपात किस राज्य में पड़ता है ? 01

A. बिहार में | B. झारखंड में

C. छत्तीसगढ़ में | D. अरुणाचल प्रदेश में

28. संजू के लिए डायरी किसने खरीदी ? 01

A. माँ ने | B. पिता ने

C. शिक्षक ने | D. दीदी ने

29. संजू पिकनिक गयी – 01

A. 1 जनवरी 97 को | B. 2 जनवरी 97 को

C. 3 जनवरी 97 को | D. 4 जनवरी 97 को

30. 'पीपल के पत्ते गोल–गोल, कुछ कहते रहते डोल–डोल।' यह पंक्ति किस कवि की है ? 01

A. रामधारी सिंह दिनकर की | B. नरोत्तम दास की

C. गोपाल सिंह नेपाली की | D. राम इकबालसिंह 'राकेश' की

31. जो रहीम दीनहिं लखै, दीनबन्धु सम होय।' यह पंक्ति किस कवि के लिए उद्धृत की गयी है ? 01

A. गोपाल सिंह 'नेपाली' | B. रामधारी सिंह 'दिनकर'

C. सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' | D. नरोत्तम दास

32. संधि के भेद हैं – 01

A. एक | B. दो

C. तीन | D. चार

33. स्वर संधि के भेद हैं – 01

A. दो

B. तीन

C. चार

D. पाँच

34. 'वेलूर मठ' स्थित है – 01

A. कलकत्ता में

B. हरिद्वार में

C. पटना में

D. कश्मीर में

35. 'निराला' कलकत्ता छोड़ने के बाद मुख्य रूप से कहाँ रहे ? 01

A. लखनऊ

B. प्रयाग

C. A एवं B

D. दिल्ली

36. 'खेमा' काम करता था – 01

A. कसारा के होटल में

B. कसारा के खेतों में

C. कसारा के घर में

D. कसारा के कारखाने में

37. 'खेमा' अपने भाइयों में – 01

A. सबसे बड़ा था

B. दूसरे नंबर पर था

C. तीसरे नंबर पर था

D. सबसे छोटा था

38. काल के भेद हैं – 01

A. एक

B. दो

C. तीन

D. चार

39. 'गुड़िया' पढ़–लिखकर बनना चाहती थी – 01

A. अध्यापिका

B. पायलट

C. अभिनेत्री

D. वकील

40. 1600 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया – 01

A. गुड़िया ने
B. अंकिता ने
C. जैनब खानब ने
D. सोनी ने

41. जिस समास में पूर्व पद प्रधान होता है, उसे कहते हैं – 01

A. तत्पुरुष समास
B. द्वंद्व समास
C. कर्मधारय समास
D. इनमें से कोई नहीं

42. जिस समास में उत्तर पद प्रधान होता है, उसे कहते हैं – 01

A. द्विगु समास
B. कर्मधारय समास
C. तत्पुरुष समास
D. इनमें से कोई नहीं

43. कर्पुरी ठाकुर का जन्म हुआ – 01

A. 24 जनवरी 1921 ई0 में
B. 24 जनवरी 1922 ई0 में
C. 24 जनवरी 1923 ई0 में
D. 24 जनवरी 1924 ई0 में

44. बालक कर्पुरी ठाकुर की विशेष रुचि थी – 01

A. क्रिकेट खेलने में
B. हारमोनियम बजाने में
C. बाँसुरी बजाने में
D. गीत गाने में

45. कर्पुरी ठाकुर ने मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की – 01

A. 1938 ई0 में
B. 1939 ई0 में
C. 1940 ई0 में
D. 1941 ई0 में

46. लक्ष्मीबाई रानी थी – 01

A. लखनऊ की
B. झाँसी की
C. बुंदेलखंड की
D. चित्तौर की

47. लक्ष्मीबाई के बचपन का नाम है – 01

A. रंगीली

B. छबीली

C. सजीली

D. लजीली

48. सही वाक्य है – 01

A. सब्जी ताजी है।

B. सब्जी ताजा है।

C. यह सब्जी मेरा है।

D. यह सब्जी हमारा है।

49. 'सिंहासन हिल उठे, राजवंशों ने भृकुटी तानी थी।' यह पंक्ति उद्धृत है – 01

A. कर्मवीर से

B. बच्चे की दुआ से

C. बिहारी के दोहे से

D. झाँसी की रानी से

50. 'सपूत' में उपसर्ग है – 01

A. त

B. पूत

C. स

D. सपू

## खण्ड – ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक को पढ़कर नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंको का है। 5 X 2 = 10

(क) प्रणाम का भारतीय संस्कृति में बड़ा महत्त्व है। यह अपने से बड़ों, श्रद्वेय तथा आदणीय जनों के प्रति आत्मीयता का प्रतीक है। माता–पिता के प्रति एवं समाज के सभी वृद्धजनों, अतिथियों, साधु–संतों को अपनी परंपरा के अनुसार प्रणाम करना मानव–धर्म है। वस्तुतः प्रणाम जीवन रूपी क्षेत्र में आशीर्वाद का अन्न उगाने का बीजमंत्र है। प्रणाम के संबंध में ऐसी मान्यता है कि 'वृद्धजनों' व माता–पिता को जो नित्य सेवा–प्रणाम से प्रसन्न रखता है, उसकी आयु–विद्या–यश और बल चारों की वृद्धि होती है। महाभारत के युद्ध के आरंभ में युधिष्ठिर ने पितामह भीष्म, गुरूद्रोण, कुलगुरू कृपाचार्य एवं महाराज शल्य से 'विजयी भव' का आशीर्वाद प्राप्त किया। संत तुलसीदास कहते हैं कि "वह मानव–शरीर व्यर्थ है जो सज्जनों और गुरूजनों के सम्मुख नहीं झुकता"

(i) प्रणाम किसका प्रतीक है ?

(ii) प्रणाम करने वाले को क्या प्राप्त होता है ?

(iii) महाभारत के युद्ध के आरंभ में युधिष्ठिर ने किससे आशीर्वाद लिया ?

(iv) अपनी परंपरा के अनुसार प्रणाम करना क्या कहलाता है ?

(v) हमारी भारतीय संस्कृति में किसका बड़ा महत्त्व है ?

अथवा

(ख) लोकगीतों की यह प्रमुख विशेषता होती है कि इनमें हृदय के वास्तविक उद्गार समाहित होते हैं और ये सद्यः हृदयगाही होते हैं। शिष्टता और सभ्यता का वाह्य प्रभाव जो भी हो, शिक्षा और समाज द्वारा व्यक्ति विशेष में जो भी परिवर्त्तन हो, किसी के मनुष्यत्व में, मानवता में कोई भेद नहीं होता है। कोई चाहे गांव का रहने वाला हो या शहर का, झोपड़ी में अथवा महल में, मूर्ख हो अथवा पण्डित, सन्तान के जन्म के अवसर पर एक ही प्रकार का आनन्द सभी को होता है। माता–पिता के देहावसान पर सभी को समान शोक होता है। विवाह के समय भी एक ही प्रकार की खुशी मनायी जाती है। किसी के प्रियजन के विरह का शोक, दारिद्र्य के कष्ट, यौवन के उमंग, बालकाल की क्रीडाएँ, वृद्धावस्था का असामर्थ्य, रोग इत्यादि सभी युग और समाज की सभी श्रेणी में समान हैं। प्रकृति के दृश्य, ऋतुओं की सुंदरता, वर्षा आदि सदा हृदय में सुन्दर भाव को उत्तेजित करने का सामर्थ्य रखती है।

(i) लोकगीतों की प्रमुख विशेषता क्या है ?

(ii) मानव की कौन–सी भावनाएँ युग और समाज की सभी श्रेणियों में समान हैं ?

(iii) हृदय के सुन्दर भाव को उत्तेजित करने की सामर्थ्य किसमें है ?

(iv) संतान के जन्म के अवसर पर सभी को कैसा महसूस होता है ?

(v) लोकगीतों का क्या महत्त्व है ?

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है। 2 X 5 = 10

(क) देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे। उनका जन्म बिहार प्रान्त के सारण जिलान्तर्गत जीरादेई नामक ग्राम में हुआ था। छपरा के जिला स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त कर वे. पटना चले आए और टी0 के0 घोष एकेडमी में अपना नाम लिखवाया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उनकी सराहनीय भूमिका रही तथा वे भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। वे अपनी सादगी और सरलता के लिए पूरे देश में लोकप्रिय थे। उनकी मुत्यु 28 फरवरी 1963 को हो गई।

(i) राजेन्द्र प्रसाद कौन थे ?

(ii) उनका जन्म कहाँ हुआ था ?

(iii) उनकी प्रारंभिक शिक्षा कहाँ हुई ?

(iv) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका कैसी थी ?

(v) वे किस कारण पूरे देश में लोकप्रिय थे ?

***<u>अथवा</u>***

(ख) वैश्वीकरण के इस युग में डिप्रेशन एक विश्व–व्यापी समस्या बन गई है। खासकर युवावर्ग इससे ज्यादा प्रभावित है। ऐसे व्यक्ति अपने सामने की समस्या को देखकर घबड़ा जाते हैं, उसके साथ संघर्ष नहीं करते। दूसरी ओर जो व्यक्ति संघर्षशील और कर्मठ है, वह अपनी समस्याओं से घबड़ाता नहीं, बल्कि डटकर उसका मुकाबला करता है। ऐसा व्यक्ति कभी भी डिप्रेशन का शिकार नहीं होता और अपने जीवन में सम्मान, वैभव एवं सुख प्राप्त करता है।

(i) इस युग की विश्व–व्यापी समस्या क्या है ?

(ii) इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित कौन है ?

(iii) कर्मठ व्यक्ति क्या करता है ?

(iv) डिप्रेशन का शिकार व्यक्ति क्या करता है ?

(v) कर्मठ और संघर्षशील व्यक्ति अपने जीवन में क्या–क्या प्राप्त करता है ?

3. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 250–300 शब्दों में निबंध लिखिए :– 10

(क) वृक्षारोपण

(i) भूमिका (ii) वृक्ष का महत्त्व

(iii) वृक्षों की कटाई का दुष्प्रभाव (iv) निष्कर्ष

(ख) मेरे जीवन का लक्ष्य

(i) भूमिका (ii) जीवन का लक्ष्य निर्धारण

(iii) लक्ष्य प्राप्ति के लिए किए गए प्रयास (iv) निष्कर्ष

(ग) पुस्तकः एक सच्चा मित्र

(i) भूमिका (ii) पुस्तक का महत्त्व

(iii) पुस्तक संग्रह से लाभ (iv) मित्र के रूप में पुस्तक

(iv) निष्कर्ष

(घ) बाढ़ की समस्या

(i) भूमिका (ii) बाढ़ के कारण

(iii) बाढ़ से हानि (iv) बाढ़ की रोकथाम के उपाय

(v) निष्कर्ष

(ङ.) दहेज की समस्या

(i) भूमिका (ii) दहेज का दुष्प्रभाव

(iii) दहेज उन्मूलन की जरूरत (iv) निष्कर्ष

4. प्रधानाध्यापक के पास अवकाश के लिए आवेदन पत्र लिखें – 05

अथवा

बढ़ती हुई महँगाई पर केन्द्रित दो मित्रों के बीच संवाद लिखें।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर 20–30 शब्दों में लिखिए – 5X2= 10

क. हामिद, मिठाई या खिलौने के बदले चिमटा क्यों पसन्द करता है ?

ख. आप अपने को कर्मवीर कैसे साबित कर सकते हैं ?

ग. बालगोबिन भगत ने पुत्र की मृत्यु पर अपनी भावनाएँ किस प्रकार प्रकट की ?

घ. नम्रता का पालन करने से मनुष्य किस प्रकार श्रेष्ठ बनता है ?

ङ. सुख–दुख को समान रूप से क्यों स्वीकारना चाहिए ?

च. सैनिकों को उत्साहित करने के लिए पद्मा ने क्या किया ?

छ. विक्रमशिला नामकरण के संदर्भ में प्रचलित जनश्रुति क्या है ?

ज. गांव के किसान सिरचन को क्या समझते थे ?

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें – 05

क. "झाँसी की रानी' कौन थीं ? उन्होंने किस प्रकार अंग्रेजों के विरुद्ध स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी ?

ख. 'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता के भाव स्पष्ट करें।